समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें, अन्य किसी अधिकारी के नाम से नही

पत्र संख्या :

दिनांक :

प्रेषक,

कुल सचिव,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्राचार्या,
लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त / सम्बद्ध विद्यालय / महाविद्यालय,
लखनऊ।

विषयः दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2022–23 हेतु विद्यालय / महाविद्यालय स्तर से अग्रसारित छात्र / छात्राओं के विवरण को विश्वविद्यालय स्तर से अग्रसारित करने की प्रक्रिया सम्पन्न करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक के सन्दर्भ में निदेशालय के निर्देष / आदेश के अनुपालन में अवगत कराना है कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सत्र 2022–23 में आवेदित छात्र / छात्राओं के आवेदन पत्रों को विश्वविद्यालय स्तर से अग्रसारित करने हेतु अपने विद्यालय / महाविद्यालय स्तर से अग्रसारित पात्र छात्र / छात्राओं के विवरण को संलग्नित प्रारूप के अनुसार प्रिंट आउट (हार्ड कॉपी) की प्रमाणित एवं हस्ताक्षरित प्रति विश्वविद्यालय में प्रत्येक स्थिति में 29 नवम्बर, 2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके उपरान्त विश्वविद्यालय स्तर से मास्टर डाटा अग्रसारित करना सम्भव नही होगा, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगें।

भवदीय,

(संजय मेघावी)
कुलसचिव

पत्र संख्या : SCST/22097-98 दिनांक : 25/11/2022

प्रतिलिपि :

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. इन्चार्ज वेबसाइट ल0वि0वि0 को लखनऊ वेबसाइट पर अपलोड करने की प्रत्यासा मे प्रेषित।
3. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

24.11.22

सहायक कुलसचिव
(छात्रवृत्ति)

संस्था के मांग पत्र के साथ संलग्नक किये जाने वाले पत्रों का विवरण

1. संस्था की मान्यता एवं सम्बद्धता के वर्तमान सत्र 2022–23 के प्रपत्र एवं फीस निर्धारण प्रपत्र।
2. संस्था स्तर पर छात्रवृत्ति/ शुल्क प्रतिपूर्ति स्वीकृत किये जाने हेतु गठित समिति।
3. संस्थान स्तर से दिये जाने वाला सत्यापन/ संस्तुति प्रमाण पत्र।
4. मान्यता प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय/ एफिलियेटिंग एजेन्सी में जमा कराये गये प्रपत्र की प्राप्ति रसीद/ फारवर्डिंग लेटर।
5. विभाग स्तर से उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार संस्था द्वारा दिये जाने वाला शपथ पत्र।
6. संस्थान में अध्यनरत् अग्रसारित छात्र/ छात्राओं की सत्यापित सूची।
7. छात्रों के आवेदन पत्रों (सभी संलग्नकों सहित) को पी0डी0एफ0 फाइल, पेनड्राइव में।
8. शैक्षणिक सत्र 2022.23 में छात्र/ छात्रा की उपस्थिति तथा परीक्षा विवरण जो शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन अग्रसारित के समय पोर्टल पर अंकित किया गया है की प्रमाणित प्रति निम्न प्रारूप पर :–

क्र. सं.	छात्रवृत्ति पंजीकरण संख्या	छात्र/ छात्रा का नाम	पिता/ पति का नाम	पाठ्यक्रम का नाम	पाठ्यक्रम का वर्ष	उत्तीर्ण/ अनुत्तीर्ण	विगत वर्ष का प्राप्तांक/ पूर्णांक	पाठ्यक्रम में कुल संचालित कक्षाएं	छात्र/ छात्रा की कक्षा में उपस्थिति
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

9. वर्ष 2021–22 में आवेदन करने वाले ऐसे छात्र जिन्होंने वर्ष 2022–23 हेतु नवीनकरण नही कराया है की कारण सहित विवरण/ प्रमाणित सूची, निम्न प्रारूप पर :–

क्र. सं.	विगत वर्ष का छात्रवृत्ति पंजीकरण संख्या	छात्र/ छात्रा का नाम	पिता/ पति का नाम	पाठ्यक्रम का नाम	पाठ्यक्रम का वर्ष	गत वर्ष छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्राप्त होने की स्थिति	छात्रवृत्ति आवेदन नवीनीकरण न किये जाने का स्पष्ट कारण (साक्ष्य सहित)
1	2	3	4	5	6	7	8

नोट– उपरोक्त समस्त अभिलेखों को क्रमवार संलग्न करते हुए ही कार्यालय में उपलब्ध कराया जाये।